पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

<u>राज्यपाल को पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चंद्रशेखर पर आधारित पुस्तकें भेंट की</u>

लखनऊः 15 जुलाई, 2016

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक को आज श्री चंद्रशेखर जी स्मारक ट्रस्ट जहानागंज, आजमगढ़ की ओर से पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चन्द्रशेखर पर लिखी दो किताबें भेंट की गयीं। हिन्दी में प्रकाशित "राष्ट्रपुरुष चन्द्रशेखर", का सम्पादन श्री धीरेन्द्र नाथ श्रीवास्तव ने किया है तथा दूसरी पुस्तक "स्पीचेज़ इन पार्लियामेंट", संसद में स्वर्गीय चन्द्रशेखर द्वारा दिए गए भाषणों का संकलन है। अंग्रेज़ी में लिखी इस पुस्तक का संकलन श्री यशवंत सिंह सदस्य उत्तर प्रदेश विधान परिषद् तथा वरिष्ठ पत्रकार श्री सुरेश बहादुर सिंह द्वारा किया गया है ।

इस अवसर पर श्री यशवंत सिंह सदस्य विधान परिषद्, श्री ब्रजेश कांदु प्रबंधक, श्री लाल बहादुर सिंह कोषाध्यक्ष, श्री अतुल चौबे व शत्रुघ्न चौबे भी उपस्थित थे ।

अंजुम/ललित/राजभवन (246/16)

राज्यपाल
उत्तर प्रदेश के राज्यपाल